समाचार

# आयुक्त ने कोरबा को स्वच्छ व सुंदर बनाने जन–जन का मांगा सहयोग





कोरबा 19 जुलाई 2025 – आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय अपनी चिर–परिचित कार्यशैली अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, पारों व गलियों का स्वच्छता से जुड़े अधिकारियो–कर्मचारियों सहित शहर का भ्रमण किया। अभियान में निकले नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कोरबा को स्वच्छ, साफ एवं सुन्दर कोरबा बनाने की पुरजोर तैयारी में लगे हुवे हैं। उन्होने स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों की बदौलत कोरबा नगर निगम को देश में 08–वें पायदान तथा प्रदेश में 05–वॉ स्थान हासिल होने पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा आगे कहा कि – आप लोगों द्वारा आगे और अधिक प्रयास किया जायेगा ताकि स्वच्छता के पायदान में ऊपर की तरफ और अधिक बढ़ोत्तरी हो सके।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ कोरबा शहर का भ्रमण करते हुवे स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने प्रतिदिन सुबह–सुबह भ्रमण कर आमनागरिकों से भेट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुवे स्वच्छता से संबंधित कोई समस्या व शिकायत प्राप्त होती हो तो उससे जुड़े अधिकारियों को अवगत करावें तथा उसका समुचित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

साथ ही स्वच्छता दीदियों  घर–घर जाकर कचरे का उठाव सुनिश्चित करें, इसका विशेष ध्यान देने हेतु स्वच्छता सुपरवाईजर को निर्देश दिये। जिन बस्तियों में सकरे स्थानों पर रिक्शा नहीं पहुँच पाता हो, उन संकरी गलियों के लोगों को सिटी बजाकर अवगत कराइये ताकि वे सफाई रिक्शा तक पहुंचकर अपने घरों से निकले हुये कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में  संग्रहित करके रखें एवं कचरे को डस्टबिन में ही डालें।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने अप्पू गार्डन के समीप अटल पथ का भी निरीक्षण किया तथा वहॉ पर स्थित पान ठेला दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति लापरवाही न बरतने की हिदायत दी एवं उनसे कहा कि आप लोग अपने प्रतिष्ठानों, दुकानो के सामने गंदगी न होने देवे, न किसी को गदंगी करने दें, दुकानों, प्रतिष्ठानों के सामने डस्टबिन अवश्य रखें तथा ग्राहकों को कहें कि कचरा डस्टबिन में ही डालें। सी.एस.ई.बी. चौक के समीप आटो रिक्शा स्टैण्ड में अव्यवस्थित ढंग से आटो रिक्शा संचालकों द्वारा खड़ा किया जाता है। जिससे वहॉ पर आने वाले लोगों को काफी असुविधा होती है, आटो संचालकों को समझाईश देते हुए कहा कि अपने वाहनों को व्यवस्थित ढंग से सड़क किनारे खड़ा करें ताकि यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान उपस्थित न होने पावें।

भ्रमण के दौरान मिनीमाता कालेज के पीछे बनें विभिन्न समाजों के भवनों शादी विवाह अन्य कार्यक्रम होने पश्चात कचरें को भवन के समीप खाली पड़ी जमीन पर फेंक दिया जाता है । जिससे वहां कचरे का ढेर लग जाता है, भविष्य में ऐसा करने वालों के विरूद्ध कड़े कदम उठाने हेतु निर्देशित किया  तथा कचरे के ढेरों को बरबसपुर डम्पिंग यार्ड में पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित मणिकंचन केन्द्र एस.एल.आर.एम.सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होने स्वच्छता दीदियों से बातचीत कर उन्हें अपना रजिस्टर मेन्टेन करने की समझाईस देते हुवे कहा कि जिस घर में पहुंचे उसका टाइम दर्ज किया करें, सूखे–गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें एवं उन्होंने लोगों को समझाईश देते हुवे कहा कि डोर–टू–डोर आने वाले  स्वच्छता दीदियों के सफाई रिक्शा में ही वे कचरा को पृथक–पृथक डालें।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, लीलाधर पटेल, प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, गोयल सिंह विमल के साथ अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।